कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
बी–192,आवास विकास कालोनी, हरदोई।
दूरभाष सं0 05852–223112, eehardoi@yahoo.com

जल सारथी

पत्रांक : 5515 / वि-3 / 68 दिनांक : 05/11/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :– दिनांक 05.11.2026 को अमर उजाला न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर "हरदोई में जल जीवन मिशन की एन0सी0सी कंपनी गोदाम में भीषण आग" के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दिनांक 05.11.2026 को अमर उजाला न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर "हरदोई में जल जीवन मिशन की एन0सी0सी कंपनी गोदाम में भीषण आग" शीर्षक का सदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसकी अनुपालन आख्या निम्नवत है:–

बिन्दु	प्रकाशित खबर	अनुपालन आख्या
1.	हरदोई जिले के शहर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बिलग्राम रोड पर "जल जीवन मिशन" का काम करा रही एन0सी0सी कंपनी के गोदाम में बृहस्पतिवार तड़के अचानक भीषण आग लग गई। प्लास्टिक पाइप और अन्य निर्माण सामग्री होने के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे इलाके में अफरा–तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की छह गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी महेश प्रताप के अनुसार, आग से बड़े पैमाने पर प्लास्टिक पाइप व सामग्री जली है, नुकसान का सटीक आकलन जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।	उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि प्रश्नगत खण्डीय भण्डार मै0 एन0सी0सी लिमिटेड से सम्बन्धित है। अतः प्रकरण पर इस कार्यालय स्तर से कोई भी कार्यवाही वांछित नहीं है।

भवदीय

(मनीष गंगवार)
अधिशासी अभियन्ता

पृष्ठसं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपित–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
1. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता